शिक्षण योजना -

दिनांक	कक्षा	विषय	समय
	5	हिन्दी	35-40 मिनट

लर्निंग आउटकम 1.-अपने स्तर के अनुसार सामाजिक तथा अन्य मुद्दों पर विचार व्यक्त करते हैं

2.आत्मकथा के बारे में जानकारी रखते हैं।

3.मदरसा प्रणाली से परिचित होते हैं।

4.उर्दू शब्दों की जानकारी रखते हैं।

प्रकरण - मेरी शिक्षा (पाठ 3 भाग 1)

सीखने सिखाने की सामग्री डॉ राजेंद्र प्रसाद प्रसाद का चित्र, चॉक,डस्टर, श्यामपट।

सीखनें सीखाने की प्रक्रिया -दीक्षा एप पर उपलब्ध सामग्री।

क्र० स०	चरण	समय	आंकलन के तरीके
	<u>शिक्षण की शुरुवात में</u> _ शिक्षिका छात्रों को तखती दिखाकर निम्न प्रश्नों को पूछती है 1. यह क्या है? 2. इसका प्रयोग आज कहां होता है? 3. मदरसे में अध्यापक को किस नाम से जानते हैं? 4. तालीम को और किस नाम से जाना जाता है?	5 मिनट	अवलोकन व प्रश्नोत्तर
	<u>शिक्षण के दौरान</u> शिक्षिका छात्रों को डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद का चित्र दिखाकर उनकी आत्मकथा सुनाती है तथा बीच-बीच में आने वाली समस्याओं का समाधान भी करती है। **आत्मकथा_ प्रस्तुत पाठ डॉ राजेंद्र प्रसाद की आत्मकथा से लिया गया है इन्हें पांचवें व छठे वर्ष में मौलवी द्वारा फारसी पढ़वाना शुरू किया था इनके दो और चचेरे भाई थे इनमें यमुना प्रसाद लीडर थे जो तमाम शैतानी और खेलों में आगे थे इनके चाचा बलदेव प्रसाद बहुत मजाकिया थे वह घुड़सवारी बंदूक व गुलेल चलाना अपने पिताजी की तरह ही जानते थे उन्हें गुलेल चलाना भी आता था परंतु जब एक बंदर मारने के लिए उन्होंने गुलेल चलाई तब अपने हाथ पर ही चोट मार ली एक दिन शाम को वे टहल रहे थे कि एक सड़ आ गया बलदेव चाचा के इशारे पर मौलवी साहब बेखौफ आगे बढ़े सड़ ने उन्हें पटक दिया पेड़ पर गिद्ध मारने को मौलवी साहब ने बंदूक का घोड़ा दबा दिया गिद्ध की बजाय वह स्वयं ही गिर पड़े इस प्रकार के मजाकिया माहौल में फारसी की पढ़ाई चली इन मौलवी साहब की जाने पर दूसरे मौलवी साहब आए वह हफ्ते में साढ़े पांच दिन फारसी पढ़ाते थे एक कोठरी में रहते थे सवेरे आकर पहला पाठ दौह रा कर तब दूसरा पाठ पढ़ाते सूरज निकलने पर नाश्ते के लिए आधे घंटे की**	20 मिनट	अवलोकन व सहभागिता

	छुट्टी मिलती और दोपहर में खाने का न्योता मिलता और सोना पड़ता था मौलवी साहब चारपाई पर सोते थे दोपहर के बाद सबक याद कर सुनाने पर ही खेलने की छुट्टी मिलती संध्या को जल्दी नींद आती जमुना भाई छुट्टी का उपाय करते वह रेत की पोटली दिए में छुपा कर रख देते तेल जल्दी सूखने पर दिया बुझ जाता मौलवी साहब मजबूर होकर किताब बंद करने का हुक्म देते इस प्रकार फारसी का गान पाकर फिर अंग्रेजी पढ़ने के लिए घर छोड़कर छपरा जाना पड़ा घर छोड़ने से मौलवी साहब और अन्य को बहुत दुख हुआ।		
	शिक्षण के बाद में गतिविधि _ शिक्षिका छात्रों को पाठ का अभिनय कराती है छात्र भी उत्साह पूर्वक अपनी अपनी भूमिका का अच्छे से प्रदर्शन करते हैं और प्रसंग का सफलतापूर्वक मंचन किया जाता है। **श्यामपट कार्य _ निम्नलिखित शब्दों का अर्थ बताइए_** **बेखौफ, बेदाग, बेकसूर, बेघर, बेवजह, बेहिसाब, बेमिसाल**	15 मिनट	

गृहकार्य -सपने वो नहीं होते जो हम सोते हुए देखते हैं सपने वह होते हैं जो हमें सोने ही नहीं देते। यह वाक्य भारत के राष्ट्रपति का है बताइए यह कौन थे?

शिक्षण की आगामी कार्य योजना -शिक्षण के दौरान आने वाली कठिनाइयों से शिक्षिका आगामी कार्य योजना तैयार करेगी।

शिक्षक/शिक्षिका का नाम - (पद)

विद्यालय का नाम -

ब्लाक एवं जनपद का नाम -

शिक्षण संवाद